le : Regarding Construction of new bridge at Vishwari Ghat, Gwalpara.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, बिहार राज्य के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा के ग्वालपाड़ा प्रखंड में विश्वारी घाट, कोसी नदी पर स्थानीय जनता द्वारा विगत कई वर्षों से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक पुल का निर्माण नहीं हो सका है । जबकि पुल का सर्वेक्षण किया जा चुका है और वहां पर 6X21.75 मीटर आकार का उच्च स्तरीय पुल की आवश्यकता बताई गई है । यह विश्वारी घाट मधेपुरा और सहरसा जिले की सीमा पर अवस्थित है, जो दोनों जिला के विभिन्न गांवों को जोड़ती है । यहां पर पुल नहीं रहने से आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है । एनएच-106 ग्वालपाड़ा से विश्वारी घाट तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पथ का निर्माण हुआ, लेकिन उक्त पथ के अंतिम छोर पर नदी में पुल नहीं बनाया गया है । विश्वारी घाट पर पुल बन जाने से सहरसा जिले के लोगों को एनएच-106 पर आने में काफी सुविधा होगी ।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मधेपुरा एवं सहरसा जिले की सीमा पर विश्वारी घाट पर पुल निर्माण कराया जाए ।